Instructions Bulletin for the operation failure of the Month of March– 2024

No. IB/ETC/GZB/2023--24/11

1. - केस स्टडी -1

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 03.03.2024 | 32156/G-9/LDH | 14521 | दिल्ली |
| UOR/फेलियर विवरण | दिनांक : 03.03.24 को लोको स० 32156/LDH गाड़ी स० 14521 को हुयी समयहानि के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | दिनांक : 03.03.24 को लोको स० 32156/LDH गाड़ी स० 14521 का दिल्ली से प्रस्थान, सहायक लोको पायलट के लेट हो जाने के कारण 54 मिनट देरी से हुआ। | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | क्रू को ड्यूटी के समय, समयपालन का कड़ाई से पालन करना चाहिए। | | |
| गलत कार्य - | लोको क्रू द्वारा समय पालन नहीं किया गया जो उनके गैर जिम्मेदार बर्ताव को दर्शाता है। | | |

2. - केस स्टडी -2

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 10.03.24 | 30126/P-5/GZB | 14321 | दिल्ली |
| UOR/फेलियर विवरण | दिनांक : 10.03.24 को लोको स० 30126/P-5/GZB गाड़ी स० 14321 को हुयी समयहानि और लोको फेलियर के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | दिनांक : 10.03.24 को लोको स० 30126/P-5/GZB गाड़ी स० 14321 का दिल्ली स्टेशन पर समय 11:37 मिनट पर आगमन हुआ। समय 11:57 मिनट पर स्टार्टर सिगनल ऑफ हो जाने के बाद भी लोको पायलट ने गाड़ी स्टार्ट नहीं की, जिसके बाद CC समयपालन ने TLC/NDLS को बताया की लोको में SR-2 का आयल लेवल बिलकुल नहीं दिखाई दे रहा है। समय 12:10 मिनट पर लोको को फेल घोषित किया गया और दूसरा लोको स० 30607/BRC समय 12:46 मिनट पर ट्रेन के साथ जोड़ा गया जिसके बाद समय 12:55 मिनट पर 65 मिनट की देरी से गाड़ी का प्रस्थान हुआ। | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | | | |
| गलत कार्य– | इनकमिंग क्रू द्वारा SR-2 के आयल लेवल के मिनिमम होने के सम्बन्ध में कोई सूचना चार्ज लेने वाले क्रू को नहीं दी गयी साथ ही सम्बंधित TLC को भी इस प्रकार के लोको को परमिट नहीं किया जाना चाहिए था। दिल्ली स्टेशन पर आउटगोइंग क्रू ने बताया की SR-2 में आयल दिखाई ही नहीं दे रहा है जिस कारण TLC/JP ने लोको परमिट नहीं किया और गाड़ी को अनावश्यक 65 मिनट की समय हानि हुयी। | | |

3. - केस स्टडी -3

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 19.03.24 | 31429/GMO | MIGK/E-BOX | दिल्ली |
| UOR/फेलियर विवरण | दिनांक : 19.03.24 को लोको स० 31429/GMO गाड़ी स० MIGK/E-BOX के लोको के फेलियर के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | दिनांक : 19.03.24 को लोको स० 31429/GMO गाड़ी स० MIGK/E-BOX का चार्ज लोको पायलट ने लिया और TLC को बताया कि अंडरफ्रेम से ट्रांसफार्मर आयल की लीकेज है और UOR में भी दर्शाया गया है। जिसके बाद समय ROK से गाड़ी का प्रस्थान समय 10:14 मिनट पर हुआ। समय 15: 43 बजे गाड़ी गाजियाबाद पहुची चार्ज लेने वाले लोको पायलट ने इस विषय में CC/GZB को बताया जिसके बाद फिटर ने जाकर लोको चैक किया परन्तु लीकेज बंद नहीं की जा सकी। जिसके बाद SSE /GZB द्वारा लोको को फेल घोषित किया गया अन्य लोको 24629 को फेल लोको के ऊपर अटैच किया गया जिसके बाद गाड़ी का प्रस्थान समय 22:05 मिनट पर हुआ। | | |
| सामन्य / सहायक नियमानुसार / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | -- | | |
| गलत कार्य : | CLI /BNW द्वारा UOR होते हुए भी लोको को परमिट किया गया तथा TLC/NDLS द्वारा भी उक्त विषय में सही निर्णय नहीं लिया गया जिस कारण अनावश्यक लोको फेलियर हुआ और समय हानि हुयी। | | |

4. - केस स्टडी -4

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 19.03.24 | 22207 /DDU | 13258 | लखनऊ |
| UOR/फेलियर विवरण | दिनांक : 19.03.24को लोको स० 22207 /DDU, गाड़ी स० 13258 को हुई समयहानि के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | दिनांक : 19.03.24को लोको स० 22207 /DDU, गाड़ी स० 13258 का लखनऊ आगमन समय 22:59 मिनट पर हुआ। आउटगोइंग लोको पायलट ने चार्ज लेते हुए रिपोर्ट किया कि कैब-1 की ओर का रेल गार्ड नहीं है एवं कैटल गार्ड भी टूटा हुआ है। जिसकी सूचना न तो पिछ्ले क्रू द्वारा दी गयी और ना हीं लॉग बुक में दर्ज की गयी। जिसके बाद लोको को फेल किया गया और गाड़ी को अनावश्यक 120 मिनट की समय हानि हुयी। | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | -- | | |
| गलत कार्य - | इनकमिंग क्रू ने न तो मार्ग में अंडरफ्रेम का परीक्षण किया और न ही गाड़ी कार्य के दौरान उन्हें रेल गार्ड और कैटल गार्ड के टूटने के विषय में पता चला। यदि इनकमिंग क्रू द्वारा अंडरफ्रेम की जाँच की गयी होती तो अनावश्यक हुयी समय हानि को बचाया जा सकता था। | | |

5. अतिरिक्त निर्देश :-

**OHE या पेंटोग्राफ के अर्थ होने के कारण बार-बार ट्रिपिंग का होना –**

संकेत : - BLDJ/ BLRDJ से VCB बंद करते ही ट्रिपिंग का होना :

**निवारण :-** चलते लोको में ट्रिपिंग हो जाने के पश्चात यदि सामान्य जांच करने के उपरांत सब ठीक मिलता है तो BLDJ/BLRDJ को दबाकर VCB बंद करने की कोशिश करे परन्तु यदि BLDJ/BLRDJ दबाते ही तेज़ आवाज के साथ VCB खुल जाता है तो बार-बार VCB बंद करने की कोशिश न करे तुरंत पेंटोग्राफ लोअर कर दे । दूसरे पेंटोग्राफ को उठाकर VCB बंद करने की कोशिश करे यदि उपरोक्त घटना की पुनरावृत्ति होती है तो पेंटो ग्राफ लोअर करके कोस्टिंग में ब्लाक सेक्शन साफ करने की कोशिश करे । TLC को सूचित करे ।

**WAP-4 लोको में लगा शंटिंग मोड संचालन स्विच HSM से सम्बंधित आवश्यक निर्देश :-**

स्विच बोर्ड पर एक रोटरी स्विच HSM लगाया गया है जिसकी दो पोजीशन 1 और 0 है ।

सामान्य पोजीशन – 1 (सामान्य गति पर कार्य)

शंटिंग पोजीशन – 0 (अधिकतम स्पीड 15 kmph)

- सभी लोको पायलट लोको का चार्ज लेते समय स्विच HSM का नार्मल पोजीशन (1) में होना सुनिश्चित करे ।
- सभी लोको पायलट शंटिंग कार्य के लिए सर्व प्रथम MP को 0 पर लाकर लोको को खड़ा करे । लैंप LSGR का जलना देखे । अब स्विच HSM को 1 से '0' पोजीशन पर करके शंटिंग संचालन सुनिश्चित करे ।
- शंटिंग कार्य पूरा होने के बाद MP को '0' पर करे लैंप LSGR का जलना देखे तत्पश्चात स्विच HSM को 0 से '1' पोजीशन पर करे और सामान्य गाड़ी कार्य करे ।
- यदि किसी लोको में सामान्य कार्य संचालन के दौरान 15 kmph की गति पर ऑटो रिग्रेशन आकर LSGR लैंप जलता है और उसके बाद पहली नाच पर ऑटो रिग्रेशन अथवा TLTE मिलता है तो स्विच HSM का '1' पोजीशन पर होना सुनिश्चित करे ।
- यदि HSM स्विच पोजीशन '1' पर है फिर भी यही समस्या आती है तो HSM स्विच को 2-3 बार ऑपरेट करके पुन: '1' पर करे ।
- यदि फिर भी सफलता नहीं मिलती है तो TLC को सूचित करे और GR का मैन्युअल कन्ट्रोल करके ब्लाक सेक्शन साफ करे ।

सरताश

(सरताश कुमार)

**(प्रधानाचार्य/वि.प्र.के./गा.बाद.)**

पत्र स० 232-विद्युत/वि.प्र.के./ट्रेनिंग-1 दिनांक – 22.04.2024

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ ।
2. मुख्य विद्युत अभियंता/मोबिलिटी, उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ ।
3. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन/नई दिल्ली, लखनऊ - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू ।
4. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण/मुरादाबाद, फिरोजपुर, अंबाला- सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू ।